लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने सरदार हुकम सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, 30 अगस्त, 2020: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष, सरदार हुकम सिंह की जयंती के अवसर पर आज संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने भी उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

सरदार हुकम सिंह एक जाने - माने संसदविद, विख्यात विधिवेत्ता, समाज सुधारक और कुशल प्रशासक थे। वह अप्रैल,1948 में संविधान सभा के लिए चुने गए; वह अंतरिम संसद (1950-52) तथा पहली, दूसरी और तीसरी लोक सभा के भी सदस्य थे। सरदार हुकम सिंह 20 मार्च,1956 को लोक सभा के उपाध्यक्ष चुने गए और दूसरी लोक सभा में भी इस पद के लिए पुनः निर्वाचित हुए। सरदार हुकम सिंह को सर्वसम्मति से तीसरी लोक सभा के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया और उन्होंने 17 अप्रैल, 1962 से 16 मार्च 1967 तक सभा की अध्यक्षता की। तत्पश्चात्, वह 1967 से 1972 तक राजस्थान के राज्यपाल रहे।

27 मई,1983 को सरदार हुकम सिंह का निधन हो गया।